## सार-समाचार

### शिविर में 27 यूनिट रक्त एकत्रित



**गंगापुर सिटी,** (निसं)। भगवती पैलेस में राष्ट्रीय ीय युवा दिवस के मौके पर स्वामी विवेकानंद जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम संयोजक मुकेश प्रजापत ने बताया कि इस साल राष्ट ीय युवा दिवस 2025 की थीम युवा एक स्थायी भविष्य के लिए लचीलेपन और जिम्मेदारी के साथ राष्ट को आकार देना है। कुहू स्कूल के निदेशक और भाजपा कार्यकर्ता डॉ. हेमंत शर्मा ने युवाओं को प्रेरणादायक संदेश दिया। गंगापुर सिटी की पूर्व सभापति संगीता बोहरा ने स्वामी विवेकानंद को युवाओं के लिए महान प्रेरणास्त्रोत बताया। शिविर में कुल 27 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। जिसमें महिलाओं की भी सक्रिय भागीदारी रही। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र और नेहरू युवा केंद्र की ओर से टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया। शिविर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। जिसमें हीमोग्लोबिन, रक्तचाप और शुगर की जांच शामिल थी। कार्यक्रम में भाजयुमो मंडल अध्यक्ष प्रवीण गोयल, माय भारत वॉलंटियर रिजुल गर्ग, बंटी राजलवाड, स्काउट एंड गाइड से राहुल जागा, संजय प्रजापत, नितेश महावर, कल्लू बैरवा, संतोष सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे।

### वजीरपुर में विवेकानंद जयंती मनाई

**वजीरपुर,** (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय वजीरपुर में आज उठो,जागो और तब तक नहीं रुको,जब तक कि मंजिल हासिल ना हो जाए जैसा प्रेरणादायी संदेश देने वाले विद्रोही सन्यासी स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी की अध्यक्षता नोडल अधिकारी प्रो.रमेश बैरवा ने तथा संचालन डॉ. संपूर्णानंद गौतम ने किया। डॉ.भूरसिंह गुर्जर,डॉ ऋषिकेश गुर्जर,डॉ. गिर्राज प्रसाद जोनवाल,महेंद्र सिंह धोबी एवं छात्रा पायल सैनी एवं शिप्रा कुमारी बंसीवाल ने स्वामी विवेकानंद के जीवन,सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक विचारों एवं युवाओं के लिए संदेश के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। छात्रा सिद्धि मुद्गल ने छायांकन किया। संकाय सदस्य मानसिंह मीणा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। प्रो.रमेश बैरवा ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने समाज में व्याप्त जाति,जेंडर और आर्थिक शोषण से मुक्त समतामूलक समाज की रचना के लिए युवाओं को विशेष रूप से प्रेरित किया। विवेकानंदधर्म के नाम पर कट्टरता और जाति के आधार पर भेदभाव एवं शोषण के खिलाफ थे। वे वंचित तबकों के लिए शिक्षा के विशेष अवसर मुहैया करवाए जाने के हिमायती रहे। विवेकानंदसांप्रदायिक सद्भाव एवं समाजवाद के भी समर्थक थे। विवेकानंद ने संप्रदाय विशेष के संकीर्ण राष्ट्रवाद का विरोध किया है। वर्तमान में बढ़ती आर्थिक विषमता,बेरोजगारी, वैमनस्य,सामाजिक हिंसा एवं बढ़ ते नैतिक पतन के दौर में स्वामीविवेकानंदके विचार और ज्यादा प्रासंगिक बन गए हैं।

### शिक्षक संघ का प्रान्त सम्मेलन 17 से

**करौली,** (निसं )। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का प्रान्त स्तरीय शिक्षक सम्मेलन दिनांक 17 से 18 जनवरी तक राजस्थान के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सांवलिया जी मंडफिया चित्तौड़ में आयोजित किया जाएगा। संघ के जिला प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में प्रथम दिवस संगठन के आद्य संस्थापक जयदेव पाठक स्मृति व्याख्यानमाला आयोजित की जाएगी जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ राजस्थान के क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम एवं भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेन्द्र कपूर उपस्थित रहेंगे जबकि राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष बासुदेव देवनानी मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान के संगठन मंत्री घनश्याम तथा सांसद सी पी जोशी सम्मिलित होंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के अध्यक्ष रमेश चन्द्र पुष्करणा द्वारा की जावेगी।संघ के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार मीना व महामंत्री गिरधारी नामा ने शैक्षिक चिन्तन के इस महाकुंभ में शिक्षकों से आधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील करते हुए बताया है कि भाग लेने वाले शिक्षकों के भोजन व आवास की आयोजकों द्वारा नि:शुल्क व्यवस्था की गई है।

### छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**करौली,** (निसं )। राष्ट्रीय मानव तस्करी जागरूकता दिवस पर जिला प्रशासन,बाल अधिकारिता विभाग,नेहरू युवा केंद्र एवं एक्शनएड-यूनिसेफ करौली द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मामचारी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। एक्शन एड यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया कि जागरूकता शिविरों का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ईनायती,राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मासलपुर भी किया गया। जिला समन्वयक ने बताया है कि यह दिन मानव तस्करी और आधुनिक दासता के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। यह दिवस एक ऐसे वैश्विक अपराध,त्रासदी एवं अभिशाप की ओर ध्यान आकर्षित करता है जो दुनिया भर में मानव जीवन,परिवारों और समुदायों को डरावनी,खौफनाक एवं त्रासदी अंधेरी दुनिया में धकेलता है। मानव तस्करी लाखों लोगों कि आजादी और सम्मान को छीनता है समाज को अनगिनत नुकसान पहुँचाता है, कानून और सुशासन को कमजोर करता है और अपराध को बढ़ावा देता है। मानव तस्करी में बल, धोखाधड़ी या जबरदस्ती के इस्तेमाल के जरिए शोषण एवं उत्पीड़न शामिल है। मानव तस्करी को रोकने के लिए प्रत्येक जिलें में मानव तस्करी विरोधी यूनिट स्थापित की हुई है। स्वयंसेवक रामेश्वर जाटव,कृष्णा शर्मा,बर्षा देवी एवं विजेंद्र बैरवा ने मानव तस्करी संबंधित मामलों की शिकायत 1098 पर एवं नजदीकी पुलिस थाना पर देने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया गया।

### आरोपी दंपती को आजीवन कारावास

**करौली,** (निसं )। अपर जिला एवं सत्र कोर्ट के जज विनोद कुमार ने एक 10 वर्षीय बच्चे कि हत्या के मामले में आरोपी दंपती को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास कि सजा सुनाई है। इसके साथ ही 30 हजार रुपए के जुर्माने से भी दंडित किया गया है। लोक अभियोजक मिथलेश पाल ने बताया कि घटना 17 सितंबर 2022 की है। मृतक बच्चे के पिता पप्पू हरिजन ने अपने बेटे के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच में पता चला कि आरोपी दंपती बच्चे को बिना परिजनों की जानकारी के मोटरसाईकिल पर बैठाकर ले गए और पांचना पुल के पास झाड़ियां में उसकी गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले कि गंभीरता से जांच करते हुए हत्या में प्रयुक्त चाकू और खून से सने कपड़े बरामद किए।फॉरेंसिक जांच और 25 गवाहों के बयान के आधार पर कोर्ट ने दंपती धर्मराज उर्फ सोनू और उसकी पत्नी सीमा को दोषी करार दिया। कोर्ट ने अपहरण के लिए 7 साल कि सजा व 10 हजार रुपए जुर्माना और हत्या के लिए उम्रकैद और 20 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया।

### साक्षात्कार 15 से 17 जनवरी तक


**करौली,** (निसं )। परियोजना प्रबंधक अनुजा निगम करौली ने बताया है कि राष्ट्रीय निगम योजनान्तर्गत ऋण हेतु आवेदक आशार्थियों के साक्षात्कार 15 से 17 जनवरी तक केन्द्रीय विद्यालय, करौली के पास कार्यालय महिला अधिकारिता विभाग में प्रात: 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक आयोजित होगें। 15 जनवरी को अनुसूचित जाति के साक्षात्कार,16 जनवरी को अनुसूचित जनजाति के साक्षात्कार तथा 17 जनवरी को अन्य पिछडा वर्ग,सफाई कर्मचारी एवं दिव्यांग के आशार्थियों के साक्षात्कार लिये जायेंगे। उन्होंने बताया कि आशार्थी अपने मूल दस्तावेज जनआधार कार्ड,आधार कार्ड, ऑनलाईन आवेदन,योग्यता प्रमाण पत्र इत्यादि साथ लेकर नियत समय एवं स्थान पर उपरोक्त तिथि अनुसार उपस्थित होना सुनिश्चित करें। नियत साक्षात्कार दिनांक पर उपस्थित न होने पर ऋण हेतु आशार्थी की पात्रता स्वत: निरस्त मानी जावेगी। उन्होंने बताया कि आशार्थी अधिक जानकारी हेतु कार्यालय अनुजा निगम, करौली कलक्ट्रेट भवन कमरा नं0-220 में सम्पर्क कर सकते है।

# घटिया सड़क निर्माण पर मंत्री बेढ़म ने जताई नाराजगी

**हिण्डौन सिटी/ सीकरी,** (निसं)। सीकरी के नगर रोड से भगत सिंह सर्किल तक बनी सड़क के घटिया निर्माण पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने सख्त नाराजगी जताई है।

निरीक्षण के दौरान सड़क की खराब गुणवत्ता देखकर मंत्री ने तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए। उनके निर्देश पर नगर पालिका के ईओ राजेश पाठक के निर्देशन में अब सड़क का पुनर्निर्माण तेजी से हो रहा है। पहले बनाई गई सड़क में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया था। कमजोर सीमेंट, बजरी और गिट्टी के कारण सड़क जल्दी ही खराब हो गई। यह मामला संज्ञान में आने के बाद मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के

■ **मंत्री ने दिए सड़क तोड़कर नए सिरे से निर्माण के आदेश**



सड़क पर बने गड्ढे हादसे को दे रहे न्यौता।

दौरान उन्होंने पाया कि सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी की गई है और घटिया क्वालिटी की सामग्री का उपयोग हुआ है। घटिया सड़क निर्माण पर नाराजगी जताते हुए मंत्री ने नगर पालिका के ईओ राजेश पाठक को निर्देश दिए कि सड़क को पूरी तरह तोड़कर नए सिरे से बनाया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस बार केवल उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग किया जाए ताकि सड़क लंबे समय तक टिकाऊ रहे। मंत्री के निर्देश के बाद नगर पालिका की टीम ने घटिया सड़क को तोड़ने का काम शुरू कर दिया है। अब पुनर्निर्माण के दौरान उच्च गुणवत्ता की सामठाी, जैसे मजबूत सीमेंट, गिट्टी और बजरी का उपयोग किया जा रहा है। निर्माण कार्य में शामिल ठेकेदारों को सख्त हिदायत दी गई है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।नगर पालिका के ईओ राजेश पाठक ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य में इस बार खासतौर पर गुणवत्ता का ध्यान रखा जा रहा है। सड़क को मजबूती और टिकाऊपन के साथ बनाया जा रहा है ताकि नागरिकों को लंबे समय तक किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि घटिया निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी ताकि भविष्य में ऐसा दोबारा न हो। जनता ने मंत्री के कदम की सराहना की।

इस मामले के बाद स्थानीय नागरिकों ने मंत्री के इस कड़े कदम की सराहना की है। लोगों का कहना है कि नई सड़क मजबूत और टिकाऊ होगी। मंत्री के इस एक्शन से यह संदेश गया है कि अब विकास कार्यों में गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं होगा। यह कदम जनता के हित में उठाया गया है और इससे विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सकेगी।

# ग़ज़ल सांझ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**भरतपुर,** (निसं)। नेटथियेट कार्यक्रम की श्रृंखला में आज खुशबू की तरह ग़ज़ल सांझ उभरते ग़ज़ल कलाकार 'दिनेश खींची' ने अपनी मखमली आवाज़ में सुप्रसिद्ध शायरों की ग़ज़लों का गुलदस्ता पेश कर मौसिकी से रूबरू कराया।

नेटथियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू बताया कि कलाकार दिनेश खींची ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत सुप्रसिद्ध नज्में बात निकलेगी तो दूर तलक जाएगी से की। इसके बाद उन्होंने सुप्रसिद्ध शायर बशीर बद्र की ग़ज़ल 'लहरों में डूबते रहे दरिया ना मिला, उससे बिछड़ कर फिर कभी वैसा ना मिला' सुनाकर दर्शकों की तालियां बटोरी। फिर मुनीर नियाज़ी की एक ग़ज़ल 'आ गई याद शाम ढलते ही, बुझ गया दिल चराग जलते ही' फिर ताहिर फराज शायर की 'आप हमारे साथ नहीं चलिए कोई बात नहीं, आप किसी के हो जाए आपके बस की बात नहीं' और शायर दानिश अलीगढ़ी की गज़ल 'उससे मिलने की सजा देंगे तेरे शहर के लोग, यह वफाओं का सिला देंगे तेरे शहर के लोग' को जब अपनी पुरकशिश आवाज में इन ग़ज़लों को सुनाया तो दर्शक वाह-वाह कर उठे। तबला वादक 'पुनीत अग्रवाल' ने अपनी उंगलियों का जादू दिखाकर गज़ल की इस महफिल को परवान चढाया तथा सारंगी पर देश के जाने-माने कलाकार 'दायम अली' ने संगतकर कार्यक्रम को ऊंचाइयां दी। कार्यक्रम का संचालन उद्घोषक आर. डी. अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी तथा कार्यक्रम में इम्पीरियल प्राइम कैपिटल के मनीष अग्रवाल की ओर से कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।



नेटथियेट पर ग़ज़ल सांझ कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

## ज्ञापन दिया

**हिंडौन सिटी,** (निसं)। ब्लॉक हिंडौन सिटी के युवा मित्रो ने एस डी एम को युवा मित्रो को अटल प्रेरक में समायोजित करने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया।मुख्यमंत्री मंत्री के नाम सौंप ज्ञापन में कहा है कि पूर्व सरकार द्वारा लगाए गए 5000 युवा मित्रो को वर्तमान सरकार ने बेरोजगार कर दिया।72 दिनों तक जयपुर में शहीद स्मारक पर आंदोलन भी किया ! इस दौरान हमारे 2 साथी मानसिक तनाव के कारण अपनी जीवन लीला भी समाप्त कर चुके है इसके बावजूद सरकार ने अभी तक किसी भी प्रकार का निर्णय नहीं लिया है । सरकार से निवेदन है कि प्रदेश के युवाओं के राज्य सरकार ने 11500 अटल प्रेरक लगाने का निर्णय लिया जो राज्य ओर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे इस भर्ती में युवा मित्रो को समायोजित कर बेरोजगारों को रोजगार देने कार्य करे इस दौरान कुंज सहारिया, सिद्धांत अवस्थी, संदीप कुमार, अजय कुमार, आदि युवा मित्र मौजूद थे

## पौष बड़ा व खिचड़ी बांटी

**गंगापुर सिटी,** (निसं)।व्यापार मंडल गंगापुर सिटी के तत्वाधान में नई अनाज मण्डी स्थित हनुमान मंदिर पर पौष बडा प्रसादी व खिचडी का वितरण किया गया। महामंत्री लक्ष्मी नारायण गोयल ने बताया कि शनिवार को दोपहर 1 बजे नई अनाज मंडी स्थित हनुमान जी के मंदिर पर व्यापार मंडल द्वारा पोस् बडा एवं खिचडी का आयोजन किया।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ मनाई

**कामां,** (निसं)। कामां कस्बे में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा की वर्षगांठ मनाई।

बड़े रामजी के मंदिर से शोभा यात्रा शुरू हुई शोभा यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष गीता खंडेलवाल मेजर विक्रम सिंह द्वारा झंडी दिखाकर किया गया शोभायात्रा में सैकड़ो महिलाएं कलश लेकर के व्यवस्थित तरीके से बड़े राम मंदिर से बस स्टैंड नगर पालिका लाल दरवाजा होती हुई खंडेलवाल धर्मशाला के सामने से बड़े राम जी मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई शोभा यात्रा डीजे और बैंड बाजा के साथ निकली शोभा यात्रा में आगे आगे नौजवान युवक भगवा झंडा लेकर चल रहे थे शोभा यात्रा पुरी भगवा में नजर आ रही थी।

# पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनाई

**भरतपुर,** (निसं)। जिला कांठोस एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लालबहादुर शास्त्री की 59वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

कांग्रेस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि अनाह गेट स्थित शास्त्री पार्क में उपस्थित जिला एवं शहर के समस्त पदाधिकारीयों ने स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा को गंगाजल से नहला कर माल्यार्पण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य साहब सिंह एडवोकेट ने पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री द्वारा देश हित में दिए गए योगदान को याद करते हुए लाल बहादुर शास्त्री के सादगी पूर्ण जीवन पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने देश में जय जवान जय किसान का नारा भी दिया था। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त करते हुए शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी ने कहा कि स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री का 1966 में निधन हुआ था एवं उन्होंने स्वतंत्रता संठााम में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने देश की रक्षा करने वाले जवानों तथा अन्नदाता किसानों को विशेष महत्व दिया था। कार्यक्रम के अंत में 2 मिनट का मौन भी रखा गया। कार्यक्रम का संचालन संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष रामेश्वर सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष हरस्वरूप सरपंच, महामंत्री राजेंद्र सारस्वत, अशोक तांबी, गंगाराम



लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा को गंगाजल से नहला कर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

पाराशर, मुकेश जाटव, हरविंदर सोनू, दिगंबर खटाना, ताराचंद शर्मा, शहीद खान आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

इसी प्रकार नमक कटरा आर एम बी हाउस के प्रांगण में दोपहर 1 बजे लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर पुष्प माला अर्पित कर उपस्थित कांठोस जनो ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विचारगोष्ठी में कांठोसजनों ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सादगी निष्ठा और ईमानदारी, कठिन परिश्रम से ये सिद्ध कर दिया कि हर गरीब का बालक कठिन परिश्रम करके राजनीति में बड़ी से बड़ी जिम्मेदारी तक पहुच सकता है। उन्होंने देश की आर्थिक सम्रद्धि के लिए भारत के जंय जवान जंय किसान का नारा देकर अपने कुशल नेतृत्व का परिचय दिया हम सभी कांग्रेसजनों को इनके जीवन से प्रेरणा लेकर भारत की सम्रद्धि के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम के अंत मे उपस्थित कांठोसजनों ने खड़े होकर दो मिनट का मौन रखा। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव सुरेश पदयात्री ने किया। विचार गोष्ठी में कांठोस के जिला उपाध्यक्ष भगवान कटारा, महासचिव सुरेश पदयात्री, हरिमोहन शर्मा, सतीश सक्सेना, महिला कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष भारती शर्मा, परवीन बानो, किशन जायसवाल सहित काफी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। वहीं श्री हनुमान मंदिर भूरी सिंह व्यायामशाला भरतपुर में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए व्यायाम शाला के संचालक व जिला कांठोस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुन्नी कप्तान ने उन्हें 'जय जवान जय किसान' के प्रणेता के रूप में सादगी भरा जीवन जीने वाला महान व्यक्तित्व बताया।

## सार-समाचार

### युवक-युवती परिचय कार्यक्रम आज

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। अग्रवाल समाज सेवा समिति उदई मोड गंगापुर सिटी के तत्वावधान में अग्र संचार नेट, राजस्थान द्वारा रविवार को अग्रसेन सेवा सदन में अग्रवाल विवाह योज्य युवक युवती परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए कार्यकर्ताओ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारम्भ महाराजा अग्रसेन जी एवं लक्ष्मी जी की प्रतिमा के समक्ष सोहन लाल गुप्ता और सुरेश चन्द गुप्ता मण्डरायल ने दीप प्रजवल्लित कर किया। प्रचार-प्रसार संयोजक राजेश महोली ने बताया कि 12 जनवरी 2025 रविवार को प्रात: 10 बजे से विवाह योग्य युवक -युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजन किया जाएगा। मीटिंग में अब तक 1000 के लगभग आए हुए बायोडाटा की छटनी सरकारी और गैर सरकारी गोत्र वाइज (आई.ई.एस., आर.एफ.एस., व्याख्याता, अध्यापक, केन्द्रीय, पटवारी, निजी व्यवसाय) की गई है तथा महिला प्रत्याशी को परिचय पुस्तिका निश्शुल्क दी जायेगी। व्हाट्सएप पर आए हुए बायोडाटा की छटनी के कार्य की जिम्मेदारी सुरेश गुप्ता गेरई, गोपाल लाल गुप्ता व्याख्याता, नरेंद्र गुप्ता तमौलीपुरा, सुरेश चंद मंडरायल और दिनेश गुप्ता सलेमपुर को जिम्मेदारी दी गई। समाज समिति की विभिन्न इकाइयों के अध्यक्ष मय- कार्यकारिणी के लिए आमंत्रण पत्र तथा कार्यक्रम में सहयोग करने का अनुरोध करने के लिए पत्र लिखने की जिम्मेदारी सोहनलाल गुप्ता प्रांतीय अध्यक्ष और अरविंद गुप्ता महामंत्री को दी गई। नए बायोडाटा फॉर्म छपाने की जिम्मेदारी राजेश महोली को दी। प्रांतीय अध्यक्ष सोहनलाल गुप्ता ने बताया कि सभी व्यवस्थाएं अग्र बंधुओं के लिए निश्शुल्क प्रदान की जाएगी तथा परिचय सम्मेलन के कार्यक्रम में युवक- युवतियों को आना अनिवार्य रहेगा । परिचय कार्यक्रम में आने वाले वाहनों की व्यवस्था मंगलम होटल के सामने और नई अनाज मंडी गंगापुर सिटी में की जाएगी। परिचय पत्रिका में बायोडाटा बीकानेर, अजमेर, गंगानगर, सीकर, धौलपुर, भरतपुर, सपोटरा, चौथ का बरवाडा, कोटा, अलवर, नई दिल्ली, भोपाल, आगरा भारत के विभिन्न स्थान से प्राप्त किए गए। परिचय सम्मेलन की मीटिंग में वीरेंद्र गर्ग अध्यक्ष अग्रसेन सेवा संस्थान, शकुंतला गुप्ता अध्यक्ष महिला मंडल उदई मोड, श्रीमती रेखा महस्वा, श्रीमती सीमा गुप्ता अरविंद गुप्ता महामंत्री, लोकेश गुप्ता कोषाध्यक्ष, लक्ष्मी नारायण गुप्ता प्रॉपर्टी, दिनेश गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता ,गोपाल लाल गुप्ता, सुरेश चंद गुप्ता एवं अग्रबंधु उपस्थित हुए।

### ब्लैकमेलिंग का आरोपी गिरफ्तार

**करौली,** (निसं)। करौली की मामचारी थाना पुलिस ने व्हाट्सएप पर अश्लील सामग्री भेजकर ब्लैकमेलिंग करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी कि पहचान कमरपुर गॉव निवासी 20 वर्षीय मनीष कुमार के रूप में हुई है। मामचारी थाना अधिकारी कमलेश मीणा के नेतृत्व में चल रहे विशेष अभियान के दौरान पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर कमरपुर रोड पर छापेमारी की गई जहां एक संदिग्ध युवक मिला। पुलिस को देखते ही उसके व्यवहार में घबराहट दिखी। जब पुलिस ने उसके मोबाइल की जांच की तो पता चला कि वह व्हाट्सएप के जरिए अश्लील फोटो और वीडियो भेजकर लोगों को ब्लैकमेल कर रहा था। पुलिस ने तत्काल उसे गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से एक मोटरसाइकिल और स्मार्टफोन जब्त किए। कैलादेवी थाना अधिकारी ताराचंद के नेतृत्व में चल रही जांच में आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को आशंका है कि पूछताछ में आरोपी के अन्य आपराधिक गतिविधियों का भी खुलासा हो सकता है। इस कार्यवाही मे हैड कांस्टेबिल विनोद कुमार,कांस्टेबिल सतेन्द्र,बंटी सिंह,वीरेन्द्र कि अहम भूमिका रही।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**करौली,** (निसं)। शनिवार को करौली कि बरखेड़ा ठााम पंचायत में आरसीएम केंद्र पर आरसीएम सेवकों के माध्यम से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आरसीएम सेवा दिवस के दिन सम्पूर्ण भारत में आरसीएम के सेवको द्वारा हर महीने की 11 तारीख को सम्पूर्ण भारत में सेवा कार्य के रूप में रक्तदाता संगठन,संपूर्ण शिक्षा,महिला स्वच्छता, एम्बुलेंस को रास्ता दो,वृक्ष वृद्धि अभियान और व्यसन मुक्ति आदि उद्देश्यो को लेकर अभियान के मुख्य वक्ता महेश चंद मीना ने रक्तदाताओं को रक्तदान का महत्व बताया और महिलाओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता कि जानकारी दी साथ ही वक्ता नरेश मीना,दिलकेश मीना.टाइगर,प्रेम सिंह माली बरखेड़ा सरपंच,रामेश्वर शर्मा,श्रीराम मीना,देवेन्द्र सैनी,शंभू दयाल शर्मा,प्यारेलाल मीना,विजय सैनी,वीर सिंह जेड़िया,पन्नू सिंह, धरम सिंह,विनोद भारती अध्यापक,वरिष्ठ अध्यापक रामगोपाल माली, ने अपनी-अपनी जिम्मेदारी से बढ़-चढ़कर सेवा का मौका दिया और इस अवसर पर पुनित कार्य में अपना रक्तदान भी किया इस मौके पर डॉ. मनोज सहित उनकी मेडिकल टीम ने सहयोग किया।

### एकत्रीकरण बैठक का आयोजन

**करौली,** (निसं)। सनातन धर्म में विभिन्न धर्मो के द्वारा अनेक तरह की विकृति पैदा किए जाने हेतु, अनेकों लोगों द्वारा कार्यक्रम संचालित है। जिससे आए दिन सनातन धर्म के नाम पर नए-नए आख्यान गडकर आपस में फूट एवं वेमनुष्यता पैदा किए जाने के कार्य में बिधर्मियों के द्वारा सफलता प्राप्त होती जा रही है। इसी संदर्भ को ध्यान में रखकर हिंदूवादी धर्म ध्वजा के वाहक सनातन धर्म की चिंता रखने वाले सनातनियों कि हनुमान मंदिर विवेक विहार कॉलोनी करौली में विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय धर्म प्रचार प्रमुख अतर सिंह कि देखरेख में तथा विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष चैरजी सिंह कि अध्यक्षता में एकत्रीकरण बैठक का आयोजन किया गया। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष चैरजी सिंह एवं जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद सौरव शुक्ला ने बताया कि सनातन धर्म में षड्यंत्र के द्वारा धर्म परिवर्तन, लव जिहाद,धर्म भ्रष्ट जैसे कई कार्यक्रमों के माध्यम से विकृति,पथभ्रष्ट एवं धर्म भ्रष्ट के साथ ही सनातनियों में जाति भेदभाव एवं अनेक प्रकार के नेरेटिबो के द्वारा बैमनुष्यता पैदा करने का कार्य किया जा रहा है। इसका लाभ उठाते हुए विधर्मियों के द्वारा धर्म परिवर्तन एवं लव जिहाद जैसे कई कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। सनातन धर्म में लव जिहाद एवं धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए विश्व हिंदू परिषद की कार्यकारिणी के द्वारा मातृशक्ति में जन जागृति पैदा करने एवं युवा वर्ग में धर्मानुकूल जागृति पैदा करने के उद्देश्य से जिम्मेदारियां का विकेंद्रीकरण करके इस कलुषित कार्यक्रम को रोके जाने का प्रयास किया जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद के नगर मंत्री जीतू फर्नीचर ने बताया कि हिंदुओं को जाति-पाति को छोड़कर एक साथ संगठित रहने की आवश्यकता हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर निम्नानुसार सनातन के प्रचार प्रसार हेतु करौली तहसील एवं नगर कार्यकारिणी का निम्न अनुसार विस्तार किया गया है। उन्होने बताया कि कार्यकारिणी मे प्रखंड मातृशक्ति संयोजक हुकमा देवी मीणा, प्रखंड संयोजक विश्वेंद्र गुर्जर, प्रखंड अध्यक्ष राधा मोहन सिंह, प्रखंड मंत्री सुरेंद्र, प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख गब्बू सिंह चैहान, दुर्गा बाहिनी संयोजक शोभा, नगर कार्यकारिणी मे नगर संयोजक निमिष कुमार गुप्ता,नगर अध्यक्ष सोनू मित्तल, मंत्री विनोद कुमार शर्मा,नगर गोरक्षा प्रमुख तेज सिंह कार्यकारिणी विस्तार के साथ ही सभी ने अपने-अपने कार्य और कर्तव्यों का दायित्वबान सदस्यों ने निष्ठा से कर्तव्य पालन करने का संकल्प लिया। एकत्रीकरण कार्यक्रम के दौरान नरेंद्र सिंह जादौन, पवन,रघुवीर सिंह जादौन,राहुल,संजय,भूपेंद्र,उमेश प्रदीप के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन

**भरतपुर,** (निसं)। टाइगर्स क्लब राजस्थान के तत्वाधान में स्वास्थ्य मन्दिर रणजीत नगर के प्रांगण में नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पण्डित शिवलहरी शर्मा टीवीएस ने की, कार्यक्रम के अतिथि एडीएम प्रशासन घनश्याम शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि एसडीएम राजीव शर्मा, सुनील प्रधान, देवेन्द्र चामड एवं डॉ प्रेम सिह कुतल रहे। समारोह में मुख्य वक्ता के रूप् में बोलते हुये ओम प्रकाश आजाद ने कहा कि लोग अध्यात्य को विज्ञान की कसौटी पर परखना चाहते है जबकि हमें विज्ञान को अध्यात्म की कसौटी पर परखना चाहिये। मुख्य अतिथि घनश्याम शर्मा ने सभी को नववर्ष की बधाई देते हुये कहा कि आज का समाज अध्यात्म, स्वास्थ्य और सुख सुविधाओं की दृष्टि से सम्पन्न हो रहा है। राष्ट्रीय कवि जय सारस्वत ने पिता को समर्पित काव्य पाठ किया। समारोह में काव्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट पहचान बना रहे कवि जय सारस्वत का "लोकमनीषी" की उपाधि से सम्मानित किया गया। समारोह में टाइगर्स क्लब के अनिल हुडई, आलोक शर्मा, डॉ जनकबाबू शर्मा, विष्णु गोयल आर्शीवाद, चन्द्र शेखर लवानियाँ, राकेश फौजदार, एडवोकेट नोनिहाल, रूपसिंह परमार, लोकेश सिंघल, एडवोकेट सत्यप्रिय, गोविन्द सिंह भगौर, राजकुमार तनेजा, श्यामवीर कुन्तल, राजेन्द्र सिंघल, डॉ ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन क्लब संयोजक लोकेश सिंघल ने किया एवं आभार उपसंयोजक रूपसिंह परमार ने व्यक्त किया।